दिन-प्रतिदिन का वैज्ञानिक इतिहास

विजेन्द्र कुमार

1 अप्रैल

1960, प्रथम सफल मौसम अन्वेक्षण सैटेलाइट 'टिरोस-1 (TIROS -1), टेलीविजन इन्फ्रारेड ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट, को नासा ने केप कानेवेरल, फ्लोरिडा से प्रक्षेपित किया।

2 अप्रैल

1845, सूर्य का प्रथम फोटोग्राफ, फ्रेंच भौतिक शास्त्री अरमंड एच.एल. फिजाऊ और जे.लिओन फौकाउल्ट ने लिया ।

4 अप्रैल

1969, प्रथम पूर्ण कृत्रिम हृदय प्रत्यारोपण डा. डेंटन कुले ने टेक्सास हार्ट इंस्टीट्यूट, हॉस्टन में किया।

5 अप्रैल

1973, वाशिंगटन के वैज्ञानिकों ने सर्वप्रथम जीवित चूहे में मानव रक्त कोशिकाओं को उत्पन्न किया।

6 अप्रैल

1973, शनि व बृहस्पति ग्रह के अध्ययन के लिए प्रथम रोबोटिक स्पेस प्रोब 'पायोनियर -11' को नासा द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

7 अप्रैल



1923, मस्तिष्क गांठ को अलग करने का सर्वप्रथम सफल ऑपरेशन डा. कार्ल विनफिल्ड नेय द्वारा बेथ इजराइल हॉस्पिटल, न्यूयॉर्क में किया गया ।

1885, 'वैद्युत द्वारा संदेशों के संचारण के उपकरणों' के आविष्कार के लिए ग्रानविले टी. वुड्स को पेटेंट प्रदान किया गया (पेटेंट नं. 315,368) ।

8 अप्रैल

1886, प्रथम शुष्क सेल (dry cell), जिसमें जिंक को प्राथमिक अवयव के रूप में प्रयोग किया गया था, के आविष्कार के लिए डॉ. कार्ल गास्नर को पेटेंट जारी किया गया (जर्मन पेटेंट नं. 37,758)।

10 अप्रैल

1662, विख्यात् जैव वैज्ञानिक रॉबर्ट हुक ने रॉयल सोसाइटी के लिए अपना पहला व्याख्यान दिया।

1995, विश्व का प्रथम नेशनल डी.एन.ए. (DNA) डाटाबेस इंग्लैंड और वेल्स में लांच किया गया।

11 अप्रैल

1970, 'अपोलो-13', चन्द्रमा पर उतरने वाले तीसरे मानव युक्त लूनार अंतरिक्षयान को केप कैनेडी सेंटर, फ्लोरिडा से प्रक्षेपित किया गया।

1952, तंत्रिका तंत्र संबंधी 'पर्किन्सन' नामक बीमारी का सबसे पहले सर्जरी से उपचार डॉ. इरविंग कूपर की टीम द्वारा न्यूयॉर्क में किया गया।

12 अप्रैल

1981, अमेरिकन स्पेस शटल 'कोलम्बिया', प्रथम स्पेस-रेटेड अंतरिक्ष शटल, को नासा के एस.टी.एस. -1 (STS-1) मिशन के अंतर्गत प्रक्षेपित किया गया।

1961, यूरी गागरिन, वोस्तोक-1 स्पेसक्राफ्ट द्वारा अंतरिक्ष में 108 मिनट की सफल उड़ान के साथ 'अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाले प्रथम मानव' बने।



1898, मैरी क्यूरी की खोज 'द्रव्य यूरेनियम से अधिक रेडियोएक्टिव होते हैं' की घोषणा

प्रो. गब्राइल लिपमैन ने फ्रेंच अकादमी ऑफ साइंसेज में की।

13 अप्रैल

1960, प्रथम यू. एस. नैविगेशनल सैटेलाइट 'ट्रांजिट-1बी' (Transit-1B) को थॉर-अब्लेस्टर राकेट पर केप कानेवेरल, फ्लोरिडा से अन्तरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया।

14 अप्रैल

1611, 'टेलिस्कोप' शब्द का सर्वप्रथम सार्वजनिक रूप से उपयोग प्रिंस फेडेरिको केसी द्वारा सर गैलीलियो के सम्मान में आयोजित समारोह में किया।

15 अप्रैल

1923, डायबिटीज के उपचार में प्रयुक्त 'इन्सुलिन' सर्वसाधारण के लिए पहली बार सुलभ हुआ।

16 अप्रैल

1987, आनुवंशिक अभियांत्रिक तकनीकों के लिए पेटेंट जारी करना सर्वप्रथम यू.एस. गवर्नमेंट द्वारा प्राधिकृत किया गया, जोकि इस प्रकार के पेटेंटों को अनुमति देने वाला विश्व का प्रथम देश बना।

17 अप्रैल

1967, स्पेसक्राफ्ट 'सर्वेयोर-3' (Surveyor-3) को चंद्रमा की सतह के अध्ययन के उद्देश्य से कैप कैनेडी सेंटर, फ्लोरिडा से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया।

19 अप्रैल

1975, भारत का स्वदेशी निर्मित प्रथम उपग्रह 'आर्यभट्ट' सोवियत संघ द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया, इस 360 कि.ग्रा. भार के उपग्रह को भारतीय अन्तरिक्ष शोध संस्थान (इसरो) द्वारा प्रो. यू.एन. राव के नेतृत्व में निर्मित किया गया था।

20 अप्रैल

1902, सर्वप्रथम मैरी और पियरे क्यूरी ने रेडियोएक्टिव तत्व 'रेडियम लवण' को सफलतापूर्वक आइसोलेट किया।

22 अप्रैल

1986, आनुवंशिक अभियांत्रिक तकनीकी द्वारा तैयार प्रथम वायरस को वैक्सीन में उपयोग लेने के लिए संयुक्त राष्ट्र के एग्रीकल्चर विभाग द्वारा मान्यता प्रदान की गयी।

23 अप्रैल

1858, प्रसिद्ध जर्मन भौतिकशास्त्री मैक्स प्लांक, जो अपने प्रसिद्ध क्वांटम सिद्धांत के लिए जाने जाते हैं, का जन्म हुआ। इस खोज के लिए इन्हें सन् 1918 में भौतिकी का नोबल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।

24 अप्रैल

1990, एस.टी.एस.-31 (STS-31), स्पेस शटल डिस्कवरी प्रोग्राम, को हब्बल स्पेस टेलिस्कोप के साथ केप कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से प्रक्षेपित किया गया।

26 अप्रैल

1882, 'फोटोफोन' का सर्वप्रथम निरूपण एलेग्जेंडर ग्राहम बेल और चार्ल्स सुमनेर टेंटर द्वारा किया गया।



28 अप्रैल

1932, मानव प्रतिरक्षा के लिए 'पित्त ज्वर' के वैक्सीन की प्रथम सार्वजनिक रूप से घोषणा अमेरिकन सोसाइटीज फॉर एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी, पेनसिल्वेनिया में की गयी।

29 अप्रैल

1953, प्रथम यू.एस. त्रिविमीय टेलीविजन का प्रसारण केका-टीवी द्वारा लॉस एंजेल्स, कैलिफोर्निया में किया गया।

30 अप्रैल

1897, इलेक्ट्रॉन्स के अस्तित्व की प्रथम घोषणा जोसफ जॉन थॉमसन द्वारा रॉयल इंस्टीट्यूट में की गयी।

1878, लुई पाश्चर ने अपने प्रसिद्ध सिद्धांत 'जर्म थ्योरी ऑफ डिजीज' के बारे में फ्रेंच अकादमी ऑफ साइंसेज में व्याख्यान दिया।

संपर्क सूत्र :
श्री विजेंद्र कुमार
रिसर्च इंटर्न, राष्ट्रीय विज्ञान पुस्तकालय, सी.एस.आई.आर.-निस्केयर, सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली 110067
[ईमेल : vijendra.intern@niscair.res.in]